॥ जय संघ ॥

संगठन की शक्ति है

सतत् विद्युत प्रदाय सर्वोपरि

# मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पत्रौपाधि अभियंता संघ

(विद्युत मंडल द्वारा मान्यता प्राप्त व अखिल भारतीय पॉवर पत्रौपाधि अभियंता महासंघ से संबंद्ध)

प्रधान कार्यालय : शेड क्र. 11, रामपुर विद्युत नगर, जबलपुर-482008 (म.प्र.) दूरभाष : 0761-2702093

केम्प कार्यालय : 38, वेयर हाऊस रोड, ओल्ड पॉवर हाऊस परिसर, इन्दौर-452 001 (म.प्र.)

**इंजी. जी. के. वैष्णव**

प्रातीय महासचिव : म.प्र.वि.म. पत्रोपाधि अभयंता संघ, जबलपुर

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष : अ.भा. वैष्णव बैरागी परिषद, मुम्बई

निवास : डी-213 एस.एन. इनक्लेव नरीमन सिटी

छोटा बांगड़दा रोड़, इन्दौर-452005 (म.प्र.)

मोबाईल : 094250-56922, 94250-34922

ई-मेल : mpejserasso@gmail.com

girijeshvaishnav2929@gmail.com

## प्रेस विज्ञप्ति

## पदोन्नति आदि की 7 सूत्रीय मांगो को लेकर प्रदेशभर में बिजली इंजीनियरों ने किया जोरदार प्रदर्शन

मध्य प्रदेश विद्‌युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के हजारो बिजली इंजीनियरों ने इन्दौर, भोपाल एवं जबलपुर मुख्यालयो पर एक साथ ध्यानाकर्षण कर माननीय मुख्य मंत्री डा. मोहन यादव तथा ऊर्जामंत्री श्री प्रद्‌युमनसिंह तोमर तक सात सूत्रीय मांगो के निराकरण हेतु दिनभर प्रदर्शन किया। संघ के महासचिव इंजी. जी के वैष्णव ने मांगो के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि, म० प्र० विद्‌युत मंडल की सेवाओं में 30 से 35 वर्ष की सेवा होने के बाद भी जुनियर इंजीनियरो को एक भी पदोन्नति नहीं दी जा रही है वही दूसरी ओर सहायक यंत्री के पद पर नियुक्त अभियंताओं को सेवाकाल मे चार पदोन्नति देकर कार्यपालक निदेशक बनाया जा रहा है। इस असमानता को तत्काल दूर किए जाने हेतु वरिष्ठ जेई को कार्यपालन यंत्री बनाया जावे । सहायक यंत्री का इंट्री लेवल समाप्त कर सहायक यंत्री के पदो को शत प्रतिशत पदोन्नति से भरा जावे।

# मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ

(विद्युत मंडल द्वारा मान्यता प्राप्त व अखिल भारतीय पॉवर पत्रोपाधि अभियंता महासंघ से संवंद्ध)

प्रधान कार्यालय : शेड क्र. 11, रामपुर विद्युत नगर, जबलपुर-482008 (म.प्र.) दूरभाष : 0761-2702093

केम्प कार्यालय : 38, वेयर हाऊस रोड, ओल्ड पॉवर हाऊस परिसर, इन्दौर-452 001 (म.प्र.)

**इंजी. जी. के. वैष्णव**

प्रातीय महासचिव : म.प्र.वि.म. पत्रोपाधि अभयंता संघ, जबलपुर

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष : अ.भा. वैष्णव बैरागी परिषद, मुम्बई

निवास : डी-213 एस.एन. इनक्लेव नरीमन सिटी

छोटा बांगड़दा रोड, इन्दौर-452005 (म.प्र.)

मोबाईल : 094250-56922, 94250-34922

ई-मेल : mpejserasso@gmail.com

girijeshvaishnav2929@gmail.com



उन्होंने आगे बताया कि, इसके लिए पूर्व से कार्यरत कनिष्ठ यंत्रियो को अधीक्षण यंत्री के पद तक 40 प्रतिशत कोटा आरक्षित कर प्रथक पदोन्नति प्रणाली बनाये जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री जी द्‌वारा राज्य शासन के कर्मियों को 35 वर्ष पूर्ण करने पर चतुर्थ उच्च वेतनमान दिया जा रहा है जबकि बिजली कंपनियो द्‌वारा स्वयं के नियम बनाकर कंडिका 11 की शर्त लिखे जाने से तृतीय उच्च वेतनमान के बाद 5 वर्ष पूर्ण होने की शर्त लिखे जाने से 35 वर्ष से अधिक की सेवा होने के बाद भी मात्र 50-60 जुनियर इंजीनियरो को चतुर्थ उच्च वेतनमान का लाभ नहीं मिल पा रहा है अतः कंडिका 11 को विलोपित किया जाना चाहिए। इसी प्रकार बिजली कंपनियों द्‌वारा कनिष्ठ यंत्री संविदा को समान कार्य करने के बाद भी नियमित कनिष्ठ यंत्री नहीं बनाया जा रहा है। उन्हें नियमित भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ देकर नियुक्तियां दी जावे ।

बिजली कंपनियों द्‌वारा वर्ष 2018 के पश्चात नयी भर्तियों में जुनियर इंजीनियर का वेतनमान एवं ग्रेड पे कम कर दिया गया है अतः उन्हे समान कार्य समान वेतन की नीति के अनुसार समान वेतन कर ग्रेड पे 4100 किया जावे ।

# मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ

(विद्युत मंडल द्वारा मान्यता प्राप्त व अखिल भारतीय पॉवर पत्रौपाधि अभियंता महासंघ से संबद्ध)

प्रधान कार्यालय : शेड क्र. 11, रामपुर विद्युत नगर, जबलपुर-482008 (म.प्र.) दूरभाष : 0761-2702093

केम्प कार्यालय : 38, वेयर हाऊस रोड, ओल्ड पॉवर हाऊस परिसर, इन्दौर-452 001 (म.प्र.)

**इंजी. जी. के. वैष्णव**

प्रातीय महासचिव : म.प्र.वि.म. पत्रोपाधि अभयंता संघ, जबलपुर

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष : अ.भा. वैष्णव बैरागी परिषद, मुम्बई

निवास : डी-213 एस.एन. इनक्लेव नरीमन सिटी
छोटा बांगड़दा रोड़, इन्दौर-452005 (म.प्र.)
मोबाईल : 094250-56922, 94250-34922
ई-मेल : mpejserasso@gmail.com
girijeshvaishnav2929@gmail.com




बिजली कंपनियों में कार्यरत कनिष्ठ / सहायक येंत्रियों के विरुद्ध पुलिस विभाग द्वारा बिना जांच कर धारा 304-A संशोधित 106 के तहत FIR दर्ज की जा रही है जबकि बिजली कंपनी द्वारा न तो मेंटेनेंस का मटेरियल दिया जा रहा है और न ही तकनीकि स्टाफ उपलब्ध कराया जा रहा है। अत: नामजद FIR के बजाय पदनाम के अनुसार FIR दर्ज की जावे।

इन्ही मांगो को लेकर एकत्रित जुनियर इंजीनियरो ने इदौर मे इंजी जी के वैष्णव , भोपाल में इंजी के के आर्य तथा जबलपुर मे इंजी डी के चतुर्वेदी तथा इंजी. अशोक जैन के नेतृत्व में प्रदर्शन किया तथा माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं ऊर्जा मंत्री महोदय को सम्बोधित ज्ञापन का वाचन कर जिलाधीश महोदय के माध्यम से प्रेषित किया ।

प्रदर्शन में प्रमुख रूप से इंजी अनिल व्यास इंदौर, इंजी. एम. एम. पांडे रीवा, इंजी. आर. के. अरजरिया सागर, इंजी. बी. पी. सिंह सागर, इंजी. बी. के. गुप्ता शहडोल तथा इंजी. सत्येन्द्रसिंह मलिक भोपाल, इंजी. जीतेन्द्र वर्मा जबलपुर ने संबोधित किया। इस कार्यकुम में युवा इंजीनियर भास्कर घोष इंदौर, अमरसिंह सोलंकी इंदौर, कमलेश टाले इंदौर, सत्यजीत कुमार उज्जैन, शशि रंजन उज्जैन सौरभ सिंह भदौरिया ग्वालियर, नृपेन्द्रसिंह जबलपुर योगेश दरवाई सिंगाजी खंडवा , रितेश झारिया सिंगाजी-खंडवा आदि ने भी संबोधित किया।